>

Title: Request to release the dues payment of contract workers & finish the SRO-202.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग): जनाब, कोरोना वायरस से जो सबसे ज्यादा पीड़ित होंगे या मुतासिर होंगे, वह गरीब तबका है । जम्मू-कश्मीर में जो कांट्रेक्ट वर्कर्स हैं, डेली वेजर्स हैं, 50 हजार के करीब, अपने रेगुलराइजेशन को लेकर और अपने वेतन, ड्यूज के लिए पिछले 6 महीने से वे सड़कों पर हैं । अब मौका है कि गवर्नमेंट कंसीडर करे और उनका वेतन, ड्यूज रिलीज करे ।

दूसरी बात यह है कि एसआरओ-202 एक असंवैधानिक एसआरओ है, जिस वजह से सैलरी फ्रीज की गई है, उस पर एक पुनर्विचार, रिव्यू की जरूरत है । उनके रेगुलराइजेशन, रिलीज ऑफ पेमेंट्स डेली वेजर्स एंड कांट्रेक्ट वर्कर्स और इस एसआरओ-202 के खात्मे के लिए प्रयास किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री हसनैन मसूदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।